हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 13 नवंबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 अंडरग्राउंड ड्रेनेज से बदली गांवों की तस्वीर स्वच्छ गलियों में खिली...



09 भाई दूज के दिन बहनों ने भाईयों के मस्तक पर सजाए तिलक



खबर संक्षेप

शाहगढ़ में जनसंवाद एवं समस्या निवारण शिविर आज

सागर। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत आमजन की शिकायतों के त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लोक सेवाओं के समय-सीमा में प्रदाय हेतु 13 नवम्बर को जनपद पंचायत शाहगढ स्थित आजीविका मिशन भवन शाहगढ में जनसंवाद कार्यक्रम एवं समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में कलेक्टर सहित जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी मौजूद रहेंगे और प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। नागरिक अपनी शिकायतें व सुझाव सीधे अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

25 से 29 नवंबर तक होगी राष्ट्रीय स्तरीय शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता

सागर। शिक्षा संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार सागर में 25 नवंबर से 29 नवंबर तक राष्ट्र स्तरीय शालेय बैडमिंटन बालक / बालिका 14 वर्ष की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में देश के लगभग 37 राज्यों के 516 खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं, कोच, मैनेजर एवं ऑफिशियल्स हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता को व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु 16 नवंबर को टी.एल. बैठक के पश्चात कलेक्टर सभा कक्ष में कलेक्टर दिपील कुमार यादव की अध्यक्षता में तैयारियों के संबंध में बैठक का आयोजन किया जाएगा।

पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

सागर। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण मध्यप्रदेश द्वारा पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2026-27 के अंतर्गत पात्र अभ्यर्थियों के चयन के लिए विज्ञप्ति जारी कर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल के माध्यम से विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना की पात्रता एवं अन्य शर्तों की विस्तृत जानकारी भी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से एक माह तक प्राप्त आवेदनों को फ्रीज कर प्रथम चरण में चयन प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। एक माह की अवधि समाप्त होने पर पोर्टल एक दिन के लिए अस्थायी रूप से बंद किया जाएगा। इसके बाद द्वितीय चरण की आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होगी। प्रथम चरण की चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सीटें रिक्त रहने की स्थिति में ही द्वितीय चरण के आवेदनों पर विचार किया जाएगा।

12 दिसंबर को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

सागर। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री एम.के. शर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार 12 दिसंबर को जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय एवं समस्त तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत मामले, बैंक एवं मनी रिकवरी संबंधी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम एवं रोजगार विवाद, विद्युत एवं जलकर/बिल संबंधी शमनीय प्रकरण, वैवाहिक विवाद तथा दीवानी मामलों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा।इसके साथ ही प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) प्रकरणों में ई-ट्रैफिक चालान, मनी रिकवरी, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर/बिल संबंधी शमनीय मामले, दूरसंचार के बकाया लैंडलाइन एवं मोबाइल बिल तथा अन्य पात्र प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने शराब ठेकेदारों की बैठक लेकर दिए स्पष्ट निर्देश

अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा, होगी सख्त से सख्त कार्रवाई: कलेक्टर यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के साथ आबकारी, पुलिस, राजस्व अधिकारियों एवं आबकारी ठेकेदारों की बैठक लेकर अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन पर रोक लगाने तथा शराब से संबंधित घटनाओं की रोकथाम के लिये महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि अवैध शराब की बिक्री में किसी भी व्यक्ति की संलिप्तता पाए जाने पर उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सभी ठेकेदारों को निर्देश दिए कि मदिरा दुकानें निर्धारित समय पर ही खोलें और बंद करें। शराब का विक्रय निर्धारित दर एवं निर्धारित स्थान पर ही किया जाए। प्रत्येक शराब दुकान पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने और पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में किसी भी शराब दुकान पर संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल सूचना दें और कार्रवाई करें। उन्होंने आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शराब की बोतलों की सैंपलिंग स्वयं सुनिश्चित करें। एसडीएम, एसडीओपी, एक्साइज एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संयुक्त टीम नियमित निरीक्षण करे और सख्ती से कार्रवाई करे। हाईवे पर संचालित ढाबों की सघन जांच करें लाइसेंस नहीं होने पर संबंधित ढाबों के विरुद्ध भी कड़ी सुनिश्चित की जाए।

पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने शराब ठेकेदारों को निर्देश दिए कि बाहर के डिस्ट्रीब्यूटरों के माध्यम से शराब बिक्री तत्काल बंद हो। शराब का विक्रय केवल अधिकृत शराब दुकानों से ही हो। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के ढाबों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहीं भी ब्लैक में शराब बिक्री की जानकारी मिलने पर तत्काल अधिकारियों को सूचित करें। शराब का विक्रय केवल काउंटर से ही किया जाए। निर्देशों का उल्लंघन होने पर संबंधित ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि शराब दुकानों पर कार्यरत कर्मचारियों को निर्देशित करें कि अत्यधिक शराब के नशे में दुकान पर आने वाले व्यक्तियों को शराब का विक्रय न करें।

पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कबाड़ियों द्वारा शराब की खाली बोतलें बेचे जाने पर भी कार्रवाई करें और ऐसी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखें। साथ ही आबकारी दुकानों के आसपास नमकीन एवं अन्य सामग्री बेचने वाले ठेलों को हटाने की कार्रवाई भी लगातार सुनिश्चित करें।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ जगदीश कुमार गोमे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, नरेंद्र सोलंकी, सहायक आबकारी आयुक्त वंदना पांडे सहित समस्त एसडीएम, एसडीओपी, आबकारी अमला रहा।

घायल की गवाही पर हत्या के प्रयास के आरोपी को 5 साल का सश्रम कारावास



सागर। हत्या के प्रयास के एक मामले में फरियादी और चश्मदीद गवाहों के पक्षद्रोही होने के बावजूद घायल की विश्वसनीय गवाही के आधार पर सत्र न्यायालय ने आरोपी को पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।प्रकरण के अनुसार 27 अक्टूबर 2025 को ग्राम देवलचौरी में विवाद के दौरान नरेंद्र राजपूत (43), निवासी देवलचौरी, थाना राहतगढ़ ने बीच-बचाव कर रहे खेत सिंह ठाकुर (55) के पेट में बटनदार चाकू से हमला कर दिया था। हमले में उनकी छोटी आंत में छेद हो गया था और गंभीर हालत में उनका बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन किया गया। करीब 15 दिन तक उनका उपचार चला। मामले की सुनवाई करते हुए सत्र न्यायाधीश एमके शर्मा ने आरोपी नरेंद्र राजपूत को भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1) के तहत दोषी ठहराते हुए पांच वर्ष के सश्रम कारावास और 5 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड नहीं भरने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सुनवाई के दौरान फरियादी और अन्य चश्मदीद गवाह अपने बयानों से मुकर गए थे, लेकिन न्यायालय ने घायल की गवाही को विश्वसनीय माना। इसकी पुष्टि चिकित्सकीय साक्ष्यों, डॉक्टरों के बयान और आरोपी की निशानदेही पर बरामद चाकू से हुई। प्रकरण में तत्कालीन विवेचक एवं वर्तमान चौकी प्रभारी बिलहरा उप निरीक्षक राम अवतार धाकड़ ने प्रभावी विवेचना कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक दीपक भंडारी ने पैरवी की। न्यायालय ने अर्थदंड की राशि अपील अवधि समाप्त होने के बाद घायल को प्रतिकर के रूप में देने के निर्देश भी दिए। आरोपी को अन्य आरोपों से दोषमुक्त किया गया है।



यात्री बसों की चेकिंग में 51 हजार का जुर्माना, बिना बीमा स्कूल बस जब्त

सागर। त्योहारों के दौरान यात्री बसों में अधिक किराया वसूली, क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने और सुरक्षा मानकों की अनदेखी के मामलों पर परिवहन विभाग ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान बिना बीमा संचालित एक स्कूल बस जब्त की गई, जबकि तीन यात्री बसों से 51 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सागर के निर्देशन में 11 नवंबर की रात सीहोरा टोल के पास बसों की जांच की गई। इस दौरान भोपाल से दिल्ली के बीच संचालित ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट वाली बस क्रमांक एमपी04 वाईक्यू 5533 में अलग-अलग स्थानों से यात्रियों को बैठाकर ले जाना पाया गया। इसे परमिट शर्तों का उल्लंघन मानते हुए परिवहन आयुक्त को परमिट निरस्त करने का प्रतिवेदन भेजा गया है। साथ ही 46 हजार रुपए कर, शास्ति एवं शमन शुल्क अधिरोपित किया गया।वहीं 12 नवंबर को जांच के दौरान बिना बीमा संचालित स्कूल बस क्रमांक एमपी15 जेडएस 3392 को जब्त किया गया। इसके अलावा तीन यात्री बसों में क्षमता से अधिक यात्री और निर्धारित मानक के अग्निशमन यंत्र नहीं पाए गए। दस्तावेजों की कमी पर इन बसों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 51 हजार रुपए का शमन शुल्क लगाया गया।क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने वाहन मालिकों को निर्देश दिए हैं कि वे बीमा, फिटनेस, परमिट, पंजीयन, टैक्स और प्रदूषण प्रमाण पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

युवक की संदिग्ध मौत पर भड़के ग्रामीण गौरझामर-केसली मार्ग पर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां



केसली विकासखंड के गौरझामर थाना क्षेत्र के ग्राम जैतपुर डोमा में युवक की संदिग्ध मौत को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। शुक्रवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने गौरझामर-केसली मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने युवक की मौत जहरीली शराब से होने की आशंका जताते हुए क्षेत्र में अवैध और अमानक शराब की बिक्री बंद कराने तथा शराब तस्करों पर कार्रवाई की मांग की। करीब चार घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद अधिकारियों की समझाइश पर ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया और पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जानकारी के अनुसार ग्राम जैतपुर डोमा निवासी अंकुश लोधी (33) ने बुधवार रात शराब का सेवन किया था। गुरुवार सुबह परिजनों ने उसे बिस्तर पर मृत पाया। उसे केसली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया और अंतिम संस्कार कर दिया गया।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर भी उठाए सवाल

हालांकि, पोस्टमार्टम की प्रारंभिक रिपोर्ट से असंतुष्ट परिजनों और ग्रामीणों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया।

प्रदर्शनकारियों ने पोस्टमार्टम प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि रिपोर्ट पर पुरुष चिकित्सक के हस्ताक्षर हैं, जबकि पोस्टमार्टम महिला चिकित्सक ने किया था। उन्होंने रिपोर्ट में गड़बड़ी की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की।

ग्रामीणों ने सड़क पर बैठकर कीर्तन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।सूचना मिलने पर विधायक बृजबिहारी पटैरिया, एसडीओपी अरुण उइके, तहसीलदार देवीप्रसाद चक्रवर्ती, नायब तहसीलदार रतनसिंह सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों की समझाइश और जांच के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में अवैध शराब की बिक्री पर रोक, अंकुश लोधी की मौत की निष्पक्ष जांच, शराब तस्करों के खिलाफ कठोर कार्रवाई, पोस्टमार्टम रिपोर्ट की जांच तथा पिछले दो माह में क्षेत्र में हुई संदिग्ध मौतों की जांच कराने की मांग की। अधिकारियों ने नियमानुसार जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया।

डॉक्टरों की जमीन पर कर्मचारियों की गतिविधियों पर उठे सवाल

गुड़ा गांव में 10 एकड़ जमीन पर कथित अवैध गतिविधियों के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बहेरिया थाना क्षेत्र के गुड़ा गांव में फोरलेन से लगी करीब 10 एकड़ जमीन पर काम करने वाले कर्मचारियों की गतिविधियों को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह जमीन डॉ. गुरनाम सिंह और डॉ. तेजेन्द्र सिंह की बताई जा रही है। आरोप हैं कि जमीन पर अवैध शराब बिक्रीऔर असामाजिक गतिविधियां संचालित हो रही थीं। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। इसी जमीन को लेकर 11 नवंबर को मारपीट की घटना भी सामने आई। आरोप है कि कर्मचारी रवि पटेल (कुशवाहा) ने अपने साथियों के साथ सोनू अहिरवार सहित अन्य युवकों के साथ मारपीट की, जिसमें कई युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मामले में सरपंच बीरबल की शिकायत पर बहेरिया थाने में अपराध क्रमांक 345/2026 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

लिधोरा में भी सामने आया था जुए का मामला

कुछ माह पहले लिधोरा स्थित डॉ. गुरनाम सिंह के खेत पर जुआ खिलाए जाने की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी थी। उस समय कर्मचारी सरमन अहिरवार पर जुआ खिलाने के आरोप सामने आए थे। इन घटनाओं के बाद जमीनों पर कर्मचारियों की नियुक्ति, पुलिस सत्यापन और उनकी गतिविधियों की निगरानी को लेकर सवाल उठ रहे हैं।इस संबंध में डॉ. गुरनाम सिंह के पुत्र मनी सिंह गुरोन ने कहा कि उन्होंने अपने पिता को मामले से अवगत कराया था, लेकिन उनकी बात को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने जमीनों और कर्मचारियों की नियुक्ति व निगरानी में अपनी किसी भी भूमिका से इनकार करते हुए इसकी जिम्मेदारी जमीन मालिकों की बताई। फिलहाल मामले में पुलिस जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

जहरीली शराब से 37 मौतों के विरोध में कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस, मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग

सागर। जिले में जहरीली शराब से हुई मौतों और अवैध शराब के कारोबार के विरोध में गुरुवार को जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। जुलूस राजीव गांधी भवन से शुरू होकर कटरा, जामा मस्जिद और गुजराती बाजार होते हुए राधा तिराहा पहुंचा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अवैध शराब बंद करने और मौतों का हिसाब देने के नारे लगाए।कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने आरोप लगाया कि जहरीली शराब से अब तक 37 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि वास्तविक आंकड़ा इससे अधिक हो सकता है। उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराने की मांग की। पूर्व सांसद आनंद अहिरवार ने दोषी ठेकेदारों और आबकारी अधिकारियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने तथा पीड़ित परिवारों को 20-20 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग उठाई।पूर्व विधायक सुनील जैन, अमित रामजी दुबे और संगठन मंत्री रामकुमार पचौरी ने भी अवैध शराब के कारोबार पर प्रशासन की भूमिका को लेकर सवाल उठाए। पचौरी ने कहा कि मशाल जुलूस मृतकों को श्रद्धांजलि देने के साथ प्रशासन को चेतावनी भी है।कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि अवैध शराब के कारोबार पर तत्काल रोक नहीं लगी तो जिला स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।





हैहय कल्चुरी राय समाज के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक शैलेंद्र कुमार जैन को सौंपा मांगपत्र

सागर। हैहय कल्चुरी राय समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक शैलेंद्र कुमार जैन से भेंट कर समाज से संबंधित विभिन्न मांगों एवं विषयों को लेकर मांगपत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने समाज की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं से विधायक जैन को अवगत कराते हुए मांगों के निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने समाज के विकास, सामाजिक गतिविधियों तथा समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विधायक शैलेंद्र जैन के साथ चर्चा की। उन्होंने अपनी मांगों को विस्तारपूर्वक विधायक के समक्ष रखा और उनके निराकरण के लिए सहयोग का अनुरोध किया। विधायक जैन ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और समाज की मांगों पर यथासंभव पूर्ण करने तथा आवश्यक सहयोग प्रदान करने का विश्वास दिलाया। उन्होंने कहा कि समाज की जायज एवं आवश्यक मांगों के निराकरण के लिए संबंधित स्तर पर आवश्यक प्रयास किए जाएंगे।

आम जनमानस से जुड़ा खेल है कबड्डी, युवाओं में देशज खेलों के प्रति जागरूकता जरूरी: कुलपति

विश्वविद्यालय में पश्चिम क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता 13 नवंबर से, पांच राज्यों के 150 से अधिक विवि की टीमें लेंगी हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) की पश्चिम क्षेत्रीय अंतर विश्व विद्यालय कबड्डी (पुरुष) प्रतियोगिता 13 से 18 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता विश्वविद्यालय से संबद्ध बीटीआईआरटी महाविद्यालय के सिरोंजा परिसर में होगी। इसमें पांच राज्यों के 150 से अधिक विश्वविद्यालयों की टीमें हिस्सा लेंगी।

आयोजन को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में कुलपति प्रो. नागेश दुबे ने कहा कि कबड्डी आम जनमानस से जुड़ा हुआ खेल है। खेलों से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। युवाओं में देशज खेलों के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में लगातार अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व में हैंडबॉल प्रतियोगिता और युवा महोत्सव का आयोजन भी किया गया। ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।

शारीरिक शिक्षा निदेशक डॉ. विवेक साठे ने प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और गोवा के 150 से अधिक विश्वविद्यालयों की टीमें शामिल होंगी। प्रतियोगिता में करीब 2000 खिलाड़ी और खेल अधिकारी सागर पहुंचेंगे। मुकाबले नॉकआउट एवं लीग पद्धति से आयोजित होंगे। इसके लिए टीमों को चार पूल ए, बी, सी और डी में विभाजित किया जाएगा। मैचों का निर्णय एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्णायकों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के सागर आने से शहर में खेल गतिविधियों को नई गति मिलेगी। साथ ही स्थानीय युवाओं और खिलाड़ियों में कबड्डी के प्रति उत्साह एवं जागरूकता बढ़ेगी।

बीटीआईआरटी के निदेशक डॉ. सत्येंद्र जैन ने बताया कि विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता के आयोजन की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। खिलाड़ियों के आवास, खेल मैदान और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाएगी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजू टंडन ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

पत्रकार वार्ता में कुलसचिव डॉ. एसपी उपाध्याय, डीसीडीसी प्रो. नेत्रपाल सिंह, विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. विवेक जायसवाल सहित अन्य अधिकारी एवं विभिन्न मीडिया संस्थानों के पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विवेक जायसवाल ने किया तथा आभार प्रो. डीके नेमा ने व्यक्त किया।

मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित, 11 दिसंबर तक दर्ज करा सकेंगे दावे-आपत्तियां

सागर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 12 नवंबर को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित कर दिया गया है। मतदाता अपने मतदान केंद्र के बीएलओ के पास उपलब्ध सूची में नाम, आयु, लिंग और फोटो का अवलोकन कर विसंगति होने पर सुधार के लिए आवेदन कर सकते हैं। उप जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रारूप-6 और संशोधन के लिए प्रारूप-8 में आवेदन किया जा सकता है। आवेदन बीएलओ के अलावा निर्वाचन आयोग के वोटर पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से ऑनलाइन भी जमा किए जा सकते हैं।मतदाता सूची को लेकर 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इसके लिए 21 एवं 22 नवंबर तथा 5 एवं 6 दिसंबर को विशेष शिविर लगाए जाएंगे।प्राप्त आवेदनों का निराकरण 28 दिसंबर तक किया जाएगा, जबकि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा।

कभी गंदे पानी और कीचड़ से सराबोर रहने वाली गलियों में अब सजी रंगोलियां

अंडरग्राउंड ड्रेनेज से बदली गांवों की तस्वीर स्वच्छ गलियों में खिली दीपावली की खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

गांवों की गलियों में गंदगी, कीचड़ और गंदे पानी के जमाव की समस्या से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के प्रयासों से जिले में शुरू की गई अंडरग्राउंड ड्रेनेज व्यवस्था अब ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव की तस्वीर पेश कर रही है। इस बार जिले के अनेक गांवों में दीपावली का उत्सव कुछ अलग अंदाज में मनाया गया। जिन गलियों में कभी गंदा पानी जमा रहता था और कीचड़ के कारण लोगों का निकलना मुश्किल होता था, उन्हीं गलियों में इस बार स्वच्छता के बीच दीपावली की खुशियां बिखरी नजर आईं। महिलाओं ने घरों के आंगन से लेकर साफ-सुथरी गलियों तक आकर्षक रंगोलियां सजाकर स्वच्छता के इस बदलाव का स्वागत किया। जिले में हर गांव हो कचरे और कीचड़ से मुक्त के उद्देश्य को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया गया है। इसका सकारात्मक असर अब गांवों के परिवेश में दिखाई देने लगा है। टीकमगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीपुरा सहित जिले के उन गांवों, गलियों, बस्तियों और मोहल्लों में जहां यह व्यवस्था विकसित की गई है, वहां इस दीपावली का नजारा पहले से काफी अलग दिखाई दिया। स्वच्छ गलियों ने न केवल ग्रामीणों को राहत दी, बल्कि त्योहारों की रौनक और सुंदरता में भी इजाफा किया।





जहां कभी कीचड़ था, वहां अब रंगोलियों से सजी गलियां

ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से गंदे पानी की निकासी एक बड़ी समस्या बनी हुई थी। घरों से निकलने वाला पानी गलियों में जमा होने के कारण कीचड़, दुर्गंध और गंदगी की स्थिति निर्मित होती थी। बरसात के दिनों में यह समस्या और गंभीर हो जाती थी। ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती थी और त्योहारों के दौरान भी गलियों की बदहाल स्थिति के कारण उत्सव का उत्साह प्रभावित होता था। लेकिन अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम विकसित होने के बाद इस तस्वीर में बदलाव दिखाई देने लगा है। गंदे पानी की निकासी के लिए चैंबर आधारित भूमिगत व्यवस्था बनने से गलियों में पानी के जमाव और कीचड़ की समस्या को कम करने में मदद मिली है। इसका असर दीपावली के अवसर पर विशेष रूप से देखने को मिला। महिलाओं ने स्वच्छ गलियों में रंगोलियां बनाईं, घरों को सजाया और त्योहार की खुशियां साझा कीं। यह दृश्य केवल दीपावली के उत्सव का नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवेश में आ रहे सकारात्मक बदलाव का भी प्रतीक बन गया।

स्वच्छता ने उत्सवों को भी दिया नया रंग

गांवों में स्वच्छता का सीधा संबंध लोगों के जीवन स्तर और सामाजिक परिवेश से है। जब गलियां साफ रहती हैं, तो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को बेहतर वातावरण मिलता है। महिलाओं को भी घरों के बाहर साफ-सुथरा परिवेश उपलब्ध होता है। अंडरग्राउंड ड्रेनेज व्यवस्था ने इसी बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वच्छ गलियों में सजी रंगोलियां इस बात का संदेश देती नजर आईं कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना या निर्माण कार्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीणों के जीवन और व्यवहार का हिस्सा बन रही है। जब गांव का परिवेश स्वच्छ होता है तो त्योहारों की खुशियां भी दोगुनी हो जाती हैं। गांवों में दिखाई दे रही यह तस्वीर स्वच्छता के प्रति बढ़ते विश्वास और सामुदायिक सहभागिता को भी दर्शाती है।

कलेक्टर और सीईओ ने बताया बदलते टीकमगढ़ की पहचान

इस पहल को लेकर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं जिला पंचायत सीईओ विशाल धाकड़ ने संयुक्त रूप से कहा कि जिले के स्वच्छ गांव, सुंदर गलियां और खुशियों से रोशन हर घर अब बदलते टीकमगढ़ की पहचान बन रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को लेकर किए जा रहे प्रयासों का उद्देश्य केवल गंदे पानी की निकासी सुनिश्चित करना नहीं, बल्कि गांवों के जीवन स्तर, परिवेश और सामाजिक वातावरण में भी सकारात्मक बदलाव लाना है। अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम से गांवों को गंदे पानी और कीचड़ की समस्या से राहत दिलाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप ग्रामीण परिवेश में स्वच्छता का बेहतर वातावरण तैयार हो रहा है। जिले के गांवों में दीपावली के दौरान दिखाई दी स्वच्छता और सुंदरता की यह तस्वीर विकास कार्यों की उपयोगिता को भी रेखांकित करती है। अब जरूरत इस बात की है कि निर्मित ड्रेनेज सिस्टम का नियमित रखरखाव हो, चैंबर की समय-समय पर सफाई की जाए और ग्रामीण भी कचरा नालियों या चैंबर में डालने से बचें, ताकि स्वच्छता का यह बदलाव स्थायी बन सके। आखिरकार स्वच्छ गलियां ही स्वस्थ गांव और खुशहाल ग्रामीण जीवन की मजबूत नींव हैं।

नगदी व जेवर लेकर गायब हुई नवविवाहिता

चार महीने में ही टूट गया शादी के सात फेरों का बंधन



टीकमगढ़। शादी के सात फेरों के साथ जिंदगीभर साथ निभाने का वादा महज चार महीने में ही टूटने का मामला सामने आया है। जिले के बड़ागांव धसान थाना क्षेत्र के ग्राम दरगुवां में एक नवविवाहिता के अचानक घर से लापता होने और घर में रखी नगदी व सोने-चांदी के जेवर गायब मिलने से परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों ने बहू पर 50 हजार रुपए नकद और जेवर लेकर चले जाने का आरोप लगाया है। मामले में नवविवाहिता के ससुर ने बड़ागांव धसान थाने पहुंचकर आवेदन दिया है और पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आवेदन लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दरगुवां निवासी चंदू लोधी ने अपने बेटे बलराम लोधी का विवाह इसी वर्ष 24 जून 2026 को छत्तीसगढ़ निवासी सोनिया भोरिया के साथ कराया था। बगाजमाता मंदिर में संपन्न हुए इस विवाह में परिवार ने करीब डेढ़ लाख रुपए खर्च किए थे। शादी के बाद शुरुआती दिनों में सब कुछ सामान्य चल रहा था और परिवार को उम्मीद थी कि नवविवाहित जोड़ा अपना जीवन खुशी से बिताएगा, लेकिन चार महीने के भीतर ही बहू के अचानक लापता होने से परिवार की खुशियां चिंता में बदल गईं। चंदू लोधी के मुताबिक घटना के समय उनका बेटा बलराम रतनगढ़ माता मंदिर दर्शन करने गया हुआ था। घर में बहू सोनिया और उसकी सास पार्वती कमरे में सो रही थीं, जबकि वह खुद घर के बाहर छपरी में सो रहे थे। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो सोनिया घर में नहीं मिली। पहले परिजनों ने सोचा कि वह आसपास कहीं गई होगी, लेकिन काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। जब परिवार ने घर में रखे सामान की जांच की तो 50 हजार रुपए नकद के अलावा एक जोड़ी पायल, करधौना, चूड़ियां, मंगलसूत्र और झुमकी भी गायब मिलीं। इसके बाद परिजनों को आशंका हुई कि नवविवाहिता घर से नगदी और जेवर लेकर चली गई है। नवविवाहिता की सास पार्वती ने बताया कि रात में बहू सोनिया तखत पर सो रही थी और वह उसके पास नीचे सोई हुई थीं। सुबह जब उन्होंने बहू को चाय पीने के लिए जगाना चाहा तो वह वहां मौजूद नहीं थी। इसके बाद घर में तलाश की गई तो नगदी और जेवर भी गायब मिले। परिवार के लोगों ने आसपास और संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। मामले में बड़ागांव धसान थाना प्रभारी कमल सिंह ठाकुर ने बताया कि ग्राम दरगुवां निवासी चंदू लोधी की ओर से बहू के लापता होने संबंधी आवेदन प्राप्त हुआ है।

एजेंसी में एक माह से होम डिलीवरी बंद होने का आरोप

30 हजार गैस कनेक्शन उपभोक्ता एजेंसी के चक्कर काटने को मजबूर

वसूला जा रहा डिलीवरी शुल्क, ब्लैक में 1500 रुपये में सिलेंडर मिलने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर की भारत गैस की सबसे पुरानी गिर्राज गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। एजेंसी पर पिछले एक माह से गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी बंद करने और उपभोक्ताओं को स्वयं एजेंसी बुलाकर सिलेंडर देने के आरोप लग रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि उपभोक्ताओं को एजेंसी से सिलेंडर लेने के बावजूद होम डिलीवरी का शुल्क भी चुकाना पड़ रहा है। करीब 30 हजार गैस कनेक्शन वाली एजेंसी की इस व्यवस्था से बड़ी संख्या में उपभोक्ता परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग को इसकी जानकारी तक नहीं होने की बात सामने आई है। उपभोक्ता रामकुमार ने बताया कि उन्होंने तीन बार गैस सिलेंडर बुक कराया, लेकिन एक बार भी घर पर सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हुई। एजेंसी में संपर्क करने पर कर्मचारियों ने हड़ताल का हवाला देते हुए स्वयं आकर सिलेंडर ले जाने के लिए कहा। मजबूरी में जब वह एजेंसी पहुंचे तो वहां से सिलेंडर लेने के बाद भी उन्हें घर तक पहुंचाने का शुल्क देना पड़ा। उनका आरोप है कि एजेंसी कर्मचारियों से इस संबंध में शिकायत करने पर संतोषजनक जवाब देने के बजाय अभद्रता और गाली-गलौज की जाती है। कई बार विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है।



रामकुमार का कहना है कि उन्होंने इस मामले की शिकायत जिला खाद्य अधिकारी से भी की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई सामने नहीं आई। मामले में एक नया पहलू भी सामने आया है। नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर एजेंसी के एक डिलीवरी कर्मचारी ने बताया कि प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों पर निर्धारित राशि से अधिक पैसे जमा कराने का दबाव बनाया जाता है। कर्मचारी के अनुसार शासन द्वारा निर्धारित कीमत 1022 रुपये बताई जा रही है, जबकि उनसे 1025 रुपये जमा कराने के लिए कहा जाता है। कर्मचारियों का कहना है कि इसी तरह के दबाव और प्रबंधन के साथ विवाद के चलते सिलेंडरों की होम डिलीवरी प्रभावित हो रही है। हालांकि, इस संबंध में एजेंसी प्रबंधन का पक्ष सामने आना बाकी है। उपभोक्ता बृजेंद्र कुमार ने एजेंसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि क्षेत्र में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी भी हो रही है। उनका कहना है कि जरूरत पड़ने पर 1500 रुपये में आसानी से सिलेंडर उपलब्ध हो जाता है। ऐसे में नियमित उपभोक्ताओं को बुकिंग कराने के बाद भी सिलेंडर के लिए परेशान होना पड़ता है।

आर्म्स एक्ट के मामले में फरार स्थाई वारंटी पर देहात पुलिस ने दी दबिश



टीकमगढ़। जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और लंबे समय से फरार स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में फरार वारंटियों की तलाश कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी अभियान के तहत देहात थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं एसडीओपी सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक चंद्रजीत यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम फरार वारंटियों की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए ग्राम मरगुआ निवासी हुकुम लोधी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी हुकुम लोधी निवासी ग्राम मरगुआ थाना लिधौरा के विरुद्ध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के मामले में जिला न्यायालय से स्थाई वारंट जारी था। वारंट जारी होने के बाद से ही पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। लगातार पतारसी और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस टीम को उसकी गिरफ्तारी में सफलता मिली।

22 नवंबर को नजरबाग मंदिर से संत-महात्माओं के सानिध्य में होगा पैदल यात्रा का शुभारंभ

विकास के 10 बड़े मुद्दों को लेकर निकलेगी सात दिवसीय श्री रामराजा सरकार विकास यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

ओरछा और टीकमगढ़ के समग्र विकास, धार्मिक स्थलों के संरक्षण तथा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास यादव ने सात दिवसीय श्री रामराजा सरकार विकास यात्रा निकालने का संकल्प लिया है। यह यात्रा 22 नवंबर से 28 नवंबर तक टीकमगढ़ से ओरछा तक निकाली जाएगी। यात्रा में कार्यकर्ताओं के साथ आमजन और धर्मप्रेमी शामिल होंगे। यात्रा के माध्यम से ओरछा को धार्मिक एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने सहित क्षेत्र के विकास से जुड़े 10 प्रमुख मुद्दों को शासन के समक्ष उठाया जाएगा।

बैठक में यात्रा की रूपरेखा तय करने के साथ ही विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। यात्रा संचालन समिति में प्रजातंत्र गंगेले, मुन्ना लाल साहू, ज्ञानेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह परमार, जीतू सेन, प्रफुल्ल द्विवेदी, विजय पटेरिया, भूषण वर्मा, हरिओम पाठक, श्याम यादव, रविशंकर यादव एवं मनमोहन तिवारी को शामिल किया गया है। स्वागत समिति में जैकी यादव, देवेंद्र सेन, आकाश अवस्थी, हनी जैन एवं महेश कुशवाहा जिम्मेदारी संभालेंगे। आवास व्यवस्था की जिम्मेदारी मुन्नी लाल यादव, वीरेंद्र सिंह परमार, प्रमोद यादव एवं राजू यादव को दी गई है। भोजन व्यवस्था रामेश्वर यादव एवं छोटू यादव देखेंगे। अतिथि व्यवस्था में प्रजातंत्र गंगेले, नरेश तिवारी, ऋषि यादव एवं अमित अग्रवाल को



जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह मातृशक्ति व्यवस्था में विभा श्रीवास्तव, संध्या सोनी, पुष्पा यादव, नीता पाठक एवं उषा प्रजापति शामिल रहेंगी। मीडिया व्यवस्था की जिम्मेदारी स्वप्निल तिवारी, शुभम व्यास, प्रफुल्ल द्विवेदी, हनी जैन एवं ऋषि यादव को सौंपी गई है, जबकि संत व्यवस्था का प्रमुख राहुल तिवारी को बनाया गया है। बैठक में तय कार्यक्रम के अनुसार पैदल यात्रा 22 नवंबर को दोपहर 12 बजे नजरबाग मंदिर टीकमगढ़ से संत-महात्माओं के सानिध्य में प्रारंभ होगी। यात्रा मुख्य बाजार से होते हुए बिहारीपुर पहुंचेगी, जहां पहले दिन रात्रि विश्राम होगा। इसके बाद 23 नवंबर को दिगौड़ा, 24 नवंबर को बम्होरी, 25 नवंबर को ज्योरा, 26 नवंबर को पृथ्वीपुर तथा 27 नवंबर को नेगुवां में यात्रा का पड़ाव रहेगा। 28 नवंबर को शाम 4 बजे यात्रा ओरछा स्थित श्री रामराजा मंदिर पहुंचेगी। यहां सभा के बाद यात्रा का समापन किया जाएगा। यात्रा के दौरान प्रत्येक विश्राम स्थल पर संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही एक पत्र, एक दान श्री राम के नाम अभियान के तहत लोगों से यात्रा के समर्थन में पत्र लिखवाए जाएंगे। यात्रा के दौरान दान पेटी के माध्यम से सहयोग राशि भी एकत्रित की जाएगी। आयोजकों के अनुसार एकत्रित सहयोग राशि यात्रा के समापन अवसर पर श्री रामराजा मंदिर में भेंट की जाएगी। विकास यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य टीकमगढ़ और ओरछा सहित पूरे क्षेत्र के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को जनआंदोलन का स्वरूप देना है। यात्रा के माध्यम से 10 प्रमुख मांगें उठाई जाएंगी। इनमें ओरछा के लक्ष्मी मंदिर में श्री लक्ष्मी नारायण तथा कल्याण मंदिर में श्री राधा-कृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा कराने की मांग प्रमुख है। इसके साथ ही महारानी कुंवर गणेश एवं महाराज मधुकरशाह की प्रतिमाएं स्थापित कराने, ओरछा से तारामाई तक रोप-वे निर्माण कराने और जयपुर की तर्ज पर संपूर्ण ओरछा नगरी को मंदिरों के रंग में रंगकर उसकी अंतरराष्ट्रीय पहचान क्रीम सिटी के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव शामिल है।

प्रारूप मतदाता सूची जारी, जिले में 6.96 लाख मतदाता पंजीकृत

टीकमगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसएसआर-2027) के तहत बुधवार को जिले की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक एवं प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। इस दौरान एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची जारी कर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को इसकी प्रतियां एवं सीडी उपलब्ध कराई गईं। प्रारूप मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 6 लाख 96 हजार 371 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 3 लाख 67 हजार 584 पुरुष, 3 लाख 28 हजार 779 महिला और 8 अन्य मतदाता शामिल हैं। गत अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 की तुलना में जिले में कुल 11 हजार 634 मतदाताओं की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं जिले का जेंडर रेशियो बढ़कर 894 हो गया है। मतदाता सूची के नए आंकड़े जिले में निर्वाचन प्रक्रिया के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। विधानसभा क्षेत्रवार आंकड़ों पर नजर डालें तो खरगापुर विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 2 लाख 50 हजार 826 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 1 लाख 33 हजार 130 पुरुष और 1 लाख 17 हजार 693 महिला मतदाता शामिल हैं। टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 24 हजार 950 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 18 हजार 45 पुरुष और 1 लाख 6 हजार 903 महिला मतदाता हैं। इसी प्रकार जतारा विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 20 हजार 595 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 1 लाख 16 हजार 409 पुरुष और 1 लाख 4 हजार 183 महिला मतदाता शामिल हैं। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रारूप मतदाता सूची में नाम जोड़ने, अपात्र नाम हटाने तथा नाम, पता एवं अन्य विवरणों में संशोधन के लिए 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी। मतदाताओं की सुविधा के लिए 21 एवं 22 नवंबर तथा 5 एवं 6 दिसंबर 2026 को जिले के मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और आवश्यक संशोधन के लिए आवेदन कर सकेंगे। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद 4 जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। निर्वाचन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे प्रारूप सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें, ताकि किसी भी पात्र मतदाता को आगामी निर्वाचन प्रक्रिया में अपने मताधिकार से वंचित न होना पड़े। जिले की मतदाता सूची में आयु वर्ग के अनुसार भी महत्वपूर्ण आंकड़े सामने आए हैं। 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 5 हजार 228 युवा मतदाता पंजीकृत हैं।

गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा गौ संरक्षण कानून और गौचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग

हस्ताक्षर अभियानः गौ सम्मान की आवाज पहुंची स्कूलों तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने, गौ संरक्षण कानून लागू कराने और गौचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग को लेकर देशभर में संचालित गौ सम्मान आह्वान अभियान अब जनभागीदारी के साथ गति पकड़ने लगा है। अभियान के तृतीय चरण में टीकमगढ़ जिले के गौसेवक सक्रिय होकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक जनजागरण अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को शहर और आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न शासकीय एवं निजी स्कूलों में गौ सम्मान हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और आम नागरिकों से हस्ताक्षर पत्रकों के माध्यम से अभियान को समर्थन देने की अपील की गई। गौसेवकों ने शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पहुंचकर लोगों को अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया और अधिक से अधिक संख्या में हस्ताक्षर कराए। इस दौरान नजरबाग मंदिर में विकास यादव



द्वारा आयोजित श्री रामराजा ओरछा विकास यात्रा की बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं एवं धर्मप्रेमियों से भी हस्ताक्षर कराकर अभियान के प्रति समर्थन जुटाया गया। हस्ताक्षर अभियान के तहत मॉडल स्कूल, महर्षि विद्यालय, सरोज कॉन्वेंट स्कूल, बालाजी हाई स्कूल कुंडेश्वर, एक्सीलेंस विद्यालय क्रमांक-1, सीनियर बेसिक हाई स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2, गुरु हरिकिशन स्कूल, महावीर बाल संस्कार विद्यालय, कन्या विद्यालय, अनंतपुरा हाई स्कूल, होप अकेडमी स्कूल, केंद्रीय विद्यालय एवं एंजेल अवार्ड स्कूल में पहुंचकर हस्ताक्षर कराए गए। इसके अलावा सुनवाहा और अनंतपुरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी गौसेवकों ने लोगों से संपर्क कर अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर कराए।

सड़कों पर भटकती गौमाता के लिए सामाजिक जागरूकता जरूरी

अभियान के दौरान गौसेवकों ने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और जनजीवन का अभिन्न अंग हैं। भारतीय परंपरा में सदियों से गौमाता की पूजा, सेवा और संरक्षण को विशेष महत्व दिया जाता रहा है, लेकिन वर्तमान में अनेक स्थानों पर गौवंश सड़कों पर भटकने और दर-दर आश्रय तलाशने को मजबूर है। यह स्थिति समाज के लिए चिंतन का विषय है। वक्ताओं ने कहा कि



गौमाता की स्थिति में सुधार लाने के लिए केवल व्यक्तिगत स्तर पर सेवा करना पर्याप्त नहीं है। इसके लिए व्यापक सामाजिक जागरूकता, संगठित जनभागीदारी और सरकार एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। जब तक गौ संरक्षण को लेकर समाज एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद नहीं करेगा, तब तक इस दिशा में अपेक्षित बदलाव लाना मुश्किल होगा। उन्होंने समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं और आम नागरिकों से अभियान से जुड़कर इसे जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। गौ सम्मान अभियान के तृतीय चरण के अंतर्गत आगामी 4 दिसंबर को भोपाल में प्रस्तावित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए टीकमगढ़ जिले में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। गौसेवक गांव-गांव और शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस मुहिम से जोड़ा जा सके। अभियान से जुड़े गौभक्तों का कहना है कि अब केवल बैठकों और चर्चाओं तक सीमित रहने का समय नहीं है, बल्कि गौमाता के सम्मान और संरक्षण के लिए संगठित होकर आगे आने की आवश्यकता है। जनजागरण के दौरान गौभक्तों द्वारा जय गौमाता, जय गोपाल और 4 दिसंबर चलो भोपाल के नारे लगाकर लोगों से अभियान में शामिल होने की अपील की जा रही है।

पहले दो चरणों के अब तीसरे चरण में बढ़ी सक्रियता

अभियान से जुड़े गौभक्तों ने बताया कि पहले और दूसरे चरण में अपेक्षित स्तर पर जनजागरूकता और जनभागीदारी नहीं हो पाई थी, लेकिन तीसरे चरण में टीकमगढ़ जिले के गौभक्तों में नई सक्रियता देखने को मिल रही है। इस बार अभियान को केवल जिला मुख्यालय तक सीमित न रखते हुए गांव-गांव तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई है। शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों, धार्मिक आयोजनों और ग्रामीण क्षेत्रों के माध्यम से अधिकाधिक लोगों को जोड़ा जा रहा है। गौभक्तों ने विश्वास जताया कि इस बार टीकमगढ़ जिले से बड़ी संख्या में हस्ताक्षर जुटाए जाएंगे और 4 दिसंबर को भोपाल में होने वाले कार्यक्रम में जिले के गौसेवक एवं गौभक्त बड़ी संख्या में भागीदारी करेंगे। उनका कहना है कि गौमाता के सम्मान, संरक्षण और गौचर भूमि की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर जनसमर्थन जितना व्यापक होगा, शासन स्तर पर इन मांगों को उतनी ही मजबूती से उठाया जा सकेगा।

खबर संक्षेप

दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के महिला थाने के अंतर्गत नहर कॉलोनी निवासी रश्मि सिकरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से दहेज की मांग को लेकर अंकित, सिकरवार, देवी सिंह उमाबाई और सलोनी सिकरवार द्वारा उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया। जिस पर से पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

रेल पटरियों पर युवक का शव मिला

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत जुगयाना मोहल्ला निवासी अग्गेश पुत्र कन्छेदीलाल अहिरवार, उम्र 28 साल का शव चंदेरी रेलवे फाटक के पास गुन्हेरू की तरफ पड़ा पाया गया है। बताया गया है कि मृतक ने रेलवे लाइन पर आकर आत्म हत्या की है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

करंट लगने से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम छापन निवासी परमाल पुत्र बसोरा अहिरवार उम्र 46 साल जब अपने ही खेत में पानी दे रहा था, तभी बिजली का करंट लग जाने से उसकी मौत खेत पर ही हो गई जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

जिला जेल में भी बंदियों को टीका लगाने के लिए बहनें पहुंचीं

भाई दूज के दिन बहनों ने भाईयों के मस्तक पर सजाए तिलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





दीपावली का त्यौहार धनतेरस से शुरू होता है और भाई दूज तक चलता है। दीपावली के इस त्यौहार को लेकर भाई दूज का दिन बडे पर्व के रूप मे मनाया जाता है। इस दौरान बहनो ने भाईयो को तिलक लगाए और भाईयो ने बहनो के चरण छुए। इस दौरान वाहनो की पूजा की गई। पूरे दिन भाई दूज का त्यौहार मनता रहा।

अशोकनगर मे भाई दूज के पर्व की शुरूआत सुबह से ही हो गई थी। इस पर्व को लेकर सभी उम्र के लोगो ने अपनी बहनो के घर जाकर भाई दूज का पर्व मनाया। कई बहने भाइयो के घर आते देखी गई। छोटे बच्चो ने भी भाई दूज का पर्व मनाया। शहर में भाई दूज के पर्व को लेकर संस्थानों से लेकर दुकानदारों में भी उत्साह देखा गया। वाहन मालिकों भी अपने वाहनों को धुलाई कराते हुए देखा गया। भाई दूज के इस पर्व पर सबसे पहले संस्थानों में पूजा की शुरूआत हुई। इस दौरान मशीनरी की पूजा की गई पूजा के बाद उपस्थित जनों को प्रसाद का वितरण किया गया। यहां भी दीपावली जैसा पर्व मनते हुए नजर आया।

जिला जेल मे रह रहे बंदियो को तिलक लगाने बहने पहुचीं। वही महिला बंदियो से तिलक लगवाने भाई पहुचे। जेल प्रशासन द्वारा नियम तय किए गए थे। उन नियमो का पालन कराते हुए देखा गया। यहां आने वाले बंदियों के परिवार जनों को लेकर जेल विभाग द्वारा पहले ही निर्देश जारी कर दिए गए थे उन निर्देशों के चलते बंदियों से मिलने के लिए उनके परिजनों को पहचान पत्र दिखाना पड़ा। एक के बाद एक परिवारजनों को मिलने की सुविधा प्रदान की गई। जांच पड़ताल के बाद ही जेल मैनुअल के अनुसार ही मिलने की पात्रता प्रदान की गई। जब बहनें अपने जेल में रह रहे बंदी भाईयों से मिली तब उनकी आंखे नम नजर आईं। बहनों ने भाईयों से वचन लिया कि वह भाईदूज के दिन वह इस बात की प्रतिज्ञा करें कि इसके बाद वह कभी अपराध नहीं करेगें। भाई भी बहनों को भरोसा दिलाते नजर आए। निर्धारित समय के अनुसार जेल में ही मेल मुलाकात का दौर चलता रहा।

वाहनों को सजाया गया फिर पूजा की गई



शहर के तुलसी सरोवर के साथ अन्य जल स्त्रोतों पर भी वाहन चालक अपने वाहन लेकर पहुंचे और वाहनों की धुलाई करते देखे गए। हालांकि शहर के वाहन धुलाई सेंटरों पर भी वाहनों की कतारें लगी रहीं। दीपावली पर्व से शहर में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के सभी ट्रक चलना बंद हो गए थे। इन वाहनों के चालकों ने पहले अपने घरों में दीपावली का पर्व मनाया बाद में यह वाहन चालक भाईदूज के दिन इन वाहनों की पूजा करते नजर आए। जिसके बाद से यह वाहन चलना प्रारंभ हो गए हैं। दीपावली पर्व से ही जिले में बसों का संचालन भी बंद चल रहा था, यह संचालन भी भाई दूज के बाद से प्रारंभ हो गया है। बसें बंद होने की वजह से लोगों को या तो अपनी यात्रा ट्रेनों से करनी पड़ी या फिर दोपहिया अथवा कार जैसे वाहन से यात्रा करना पड़ी। लेकिन भाई दूज के बाद जिले में फिर से सड़कों पर यह वाहन चलना प्रारंभ हो जाएगें।

देव स्थानों पर श्रद्धालुओं का मेला लगा

जिले में देव स्थानों पर भी श्रद्धालुओं को जाते हुए देखा गया। इस दौरान परिवार जनों ने अपने कुल देवता की पूजा अर्चना की। उनके देव स्थान पर पहुंचे जहां पूरी आस्था और पूजा अर्चना के साथ प्रसाद चढ़ाया, भोग लगाया गया। कई स्थानों पर कन्या पूजन और भोज के आयोजन भी हुए। कन्याओं के पैर पूजे गए। जिले भर में सुबह से ही देवस्थानों पर जाने वालों को देखा गया। इस मौके पर सिरसवास, शाढ़ौरा, मोहरी, आमखेडा आदि स्थानों पर यह श्रद्धालु देखे गए। रात्रि में अनेक लोगों को इन देव स्थानों पर सवारी आती हुई देखी गईं। जहां उन्होंने देवों से अपनी जिज्ञासाएं पूछीं और उनका समाधान भी लोगों को पूछते हुए देखा गया। इस मौके पर देवस्थानों को आर्कषक ढंग से सजाया गया था। यह देव स्थान जिले भर में अपनी मान्यता के लिए जाने जाते हैं।

गोवर्धन पूजा के बाद मंदिरों में अन्न कूट का आयोजन

पहले ही दिन मंदिरों में भीड़ उमड़ी, कतारों में खड़े होकर लोगों ने प्राप्त की प्रसादी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



गोवर्धन पूजा के बाद अन्नकूट के आयोजन प्रारंभ हो गए हैं, बीती रात अशोकनगर शहर में जहां देखो वहां अन्नकूट के आयोजन होते नजर आए। इन आयोजनों में लोगों ने कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया। उससे पहले मंदिरों में छप्पन भोग के आयोजन हुए। लोग देर रात तक प्रसादी पाने के लिए कतार में खड़े रहे।

अन्नकूट का यह नजारा शहर के अनेक मंदिरों पर देखने को मिला, जिनमें सराफा बाजार हनुमान मंदिर, तारे वाले बालाजी, युगल सरकार मंदिर, पुण्डरीकाक्ष मंदिर, हजारेश्वर मंदिर, विदिशा रोड सहित अनेक मंदिरों पर यह अन्नकूट का वितरण किया गया। तार वाले बालाजी मंदिर पर सबसे अधिक भीड़ श्रद्धालुओं की देखी गई। यहां महिला और पुरूषों के लिए दो अलग अलग कतारे बनाईं गईं थीं इन कतार में खडे लोगों को बारी बारी से प्रसाद प्रदान किया गया। इसी प्रकार शहर के प्राचीन मंदिर हजारेश्वर मंदिर पर भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला, यहां भी लोगों ने कतार में खड़े होकर अन्नकूट का प्रसाद प्राप्त किया। शहर के युगल सरकार मंदिर पर अन्नकूट का आयोजन किया गया, यहां भी लोगों ने कतार में खड़े होकर प्रसाद प्राप्त करते हुए देखा गया, ऐसा ही नजारा पुण्डरीकाक्ष मंदिर और अन्य स्थानों पर देखने को मिला।

दीपावली के दूसरे दिन मनाए जाने वाला यह त्यौहार गोवर्धन पूजा के रूप में मनाया जाता है और उसके बाद अन्नकूट का आयोजन होता है, इस अन्नकूट के मौके पर विशेष प्रकार की सब्जी तैयार की जाती है जिसमें विभिन्न प्रकार की ताजी हरी सब्जियों को मिलाकर एक अन्नकूट की सब्जी बनाई जाती है जिसे प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। यह अन्नकूट की सब्जी इतनी टेस्टी होती है कि उसका स्वाद ही लोगों को अन्नकूट का प्रसाद लेने के लिए आकृषित करता है। अन्नकूट के यह आयोजन आने वाले दिनों में लगातार देखने मिलेगें, भाईदूज के दिन भी कई स्थानों पर अन्नकूट के आयोजन हुए।

वैराग्य के माध्यम से ही आत्मा की रक्षा होती हैः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि श्री निंरजन सागर जी महाराज ने श्रृद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने सुना होगा कि आत्मा में अनन्त शक्ति विद्यमान है। उस अनन्त शक्ति में एक शक्ति है ज्ञान शक्ति और एक है वैराग्य शक्ति। महत्वपूर्ण क्या है? ज्ञान या वैराग्य। एक सैनिक जब रणांगन में कूदता है तब उसके पास दो वस्तुएँ अवश्य होती हैं एक तलवार और दूसरी ढाल। तलवार में वार और प्रहार होते हैं एवं ढाल से अपना बचाव, अपनी सुरक्षा भी होती है। ठीक इसी प्रकार ज्ञान, तलवार का काम करता है और वैराग्य ढाल का काम करता है।

उन्होंने कहा कि वैराग्य के माध्यम से ही आत्मा की रक्षा हो सकती है, ज्ञान के माध्यम से नहीं। कई लोग तलवार का प्रयोग तो करते हैं लेकिन ढाल का ठिकाना नहीं होने से उनकी रक्षा मुश्किल हो जाती है, हाँ तलवार का प्रयोग करते समय यदि समीचीनता है तो उसके द्वारा आपकी रक्षा भी हो सकती है और आप विजय श्री को भी प्राप्त हो सकते हैं। ठीक इसी प्रकार आज कई लोग ज्ञान का प्रयोग तो करते हैं लेकिन वैराग्य का ठिकाना नहीं होने से आत्मा की रक्षा नहीं हो पाती है, आत्मा पापों से नहीं बच पाती है। हाँ, ज्ञान का प्रयोग करते समय यदि समीचीनता है तो उसके द्वारा आत्मा की रक्षा भी हो सकती है और कर्मों की निर्जरा भी होती चली जाती है एवं मोक्ष की उपलब्धि भी उसी आत्मा में प्रकट हो जाती है। विषय सुख की अभिलाषा किसको होती है? एयर कंडीशन में बैठने की इच्छा, रसादार पदार्थों की इच्छा, इत्र को सूँघने की इच्छा, रूप को देखने की इच्छा, गीत-वाद्य इत्यादि को सुनने की इच्छा, क्या स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु व कर्ण इन इन्द्रियों की होती है? तो ऐसा नहीं है। इन्द्रियों में कोई इच्छा नहीं होती किन्तु अशुद्ध आत्मा में ही इच्छा होती है। जब आत्मा में विषयों की इच्छा होती है तो सारी प्रवृत्ति भी विषयों की ओर होने लगती है, इसी प्रवृत्ति को रोकना ही वैराग्य का काम है। ज्ञान का संरक्षण, ध्यान का संरक्षण, संयम का संरक्षण यह धर्मध्यान की ओर ले जाता है, लेकिन असंयम के कारणभूत विषय सामग्री का संरक्षण यह बहुत बड़ा पाप है।

अशोकनगर जिले के खेतों में 3 दृश्य आए नजर

नरवाई में आग लगाने से खेत काले नजर आए खेतों में मक्का के भुट्टे बड़े ढेरों के रूप में देखे गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर जिले के खेतों में अलग अलग दृश्य नजर आए। इन दृश्यों में खेत में कचरा फैला हुआ नजर आया तो दूसरे दृश्य में किसानों द्वारा नरबाई में आग लगाने के बाद खेत काले नजर आए। तीसरे दृश्य मे मक्का की फसल का रिकार्ड उत्पादन नजर आया तो वहीं चैथे दृश्य में निकली हुई मक्के की फसल में नमी को लेकर किसान मक्का को सुखाते हुए नजर आए।

यह खबर इसीलिए महत्वपूण है कि पिछले दिनों कलेक्टर ने किसानों को निर्देश दिए थे कि खेतों में नरबाई को न जलाया जाए। उसके बाबजूद भी किसान कलेक्टर के आदेश से पूरी तरह से अन्भिज्ञ हैं और परंपरा के अनुसार कुछ किसान खेतों में नरबाई को जलाकर नष्ट कर रहे हैं। नरबाई जलाने से किसानों की कृषि भूमि को कितना नुकसान पहुंचता है। यह सब जानने और समझने के बाद भी नरबाई में आग लगाने के मामले कम होने के नाम नहीं ले रहे हैं। कई खेतों में मक्के की फसल का कचरा खेतों में फैला हुआ नजर आया तो कई जगह जो कचरा फैला हुआ था उसे अलग अलग स्थानों पर ढेर बनाकर रखा गया था।

मक्के की फसल का कचरा खेतों में पसरा हुआ



यह कचरा खेतों में सिर्फ मक्के की फसल का ही देखा गया यह कचरा दो प्रकार का होता है एक तो कचरा वह होता है जो मक्के की फसल के भुट्टे को ढक कर रखता है। फसल निकालने के बाद यह ढका हुआ हिस्सा कचरे में बदल जाता है। जिस भुट्टे में दाने लगते हैं वह दाना निकलने के बाद डंठल कचरे में तब्दील हो जाता है। इस तरह का दृश्य खेतों में नजर आया। किसान भी पशोपेश में नजर आए कि इस कचरे को कहां ले जाया जाए। उन्हें आग लगाने के अलावा कोई चारा नजर नहीं आया जिसके कारण वह इस कचरे का निपटान परंपरागत रूप से ही कर रहे हैं।

जिले में मक्का की रिकार्ड आवक, दाम भी तेज

इस बार अशोकनगर जिले में जब किसानों ने मक्का का थोड़ा उत्पादन कम किया है तब फसल बेहतरीन आई है, गत वर्ष किसानों ने 2 लाख हेक्टयेर क्षेत्र में मक्का की बोवनी की थी, लेकिन दाम कम करने से इस बार डेढ लाख हेक्टयेर क्षेत्र में बोवनी की गई है। इस बार वर्षा फसलों के अनुरूप हुई है,जिसके कारण मण्डीयों में मक्का नहीं समा रही है। दूसरी ओर मक्के की रिकार्ड फसल भी खेतों में पड़ी देखी गई। किसान के खेतों में मक्का की फसल के ढेर लगे हुए नजर आए। कई खेतों में तो यह ढेर इतनी बड़ी संख्या में देखे गए कि अनुमान लगाना मुश्किल है कि उनके यहां मक्के की फसल का उत्पादन कितना हुआ होगा। लेकिन निकली हुई फसल के ढेर यह बता रहे हैं कि जिले में इस बार मक्का का उत्पादन पिछले वर्ष की तरह तगड़ा हुआ है। इस बार खास बात यह है कि मक्का की फसल भी अच्छी आई है और दाम 1900 से प्रारंभ होकर 2700 रूपए क्विंटल पर चल रहे हैं, दीपावली अवकाश के बाद गुरूवार को अशोकनगर मण्डी में मक्का की बंम्पफर आवक होने की संभावना है। पूरे जिले भर में किसान अपनी मक्का लेकर मण्डियों की ओर जाते हुए देखे गए।

जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जेड़ाई निवासी कुंवरराज यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामवीर यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बामौरी भीमा निवासी मनोज अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भरत, सौरभ, रोहित, अंकित यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से भरत यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मनोज, विजय, चन्द्रभान और मनोज की मां ने उससे मारपीट की। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत त्रिलोक पुरी कॉलोनी निवासी रानू रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोमदीप यादव, रिंकू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से रिंकू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सुनील और रानु रघुवंशी ने उससे मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुन्दौरा निवासी भरोसा अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महेन्द्र, मंटू, राकेश, महेश रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राकेश रघुवंशी ने रिपोट दर्ज कराई है कि भरोसा, जितेन्द्र अभिषेक और गुडडी बाई अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छीपोन निवासी दिमान सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सरीफ, शाहरूख और आदिल खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खाकलोन निवासी जग्गू आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राकेश आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सकवारा निवासी जितेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी करतार और अभिषेक लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ़ निवासी गोविन्द कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अनिकेत,तनिष्क, रामकुमार, राजेश और उज्जैनी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत माधौपुर निवासी गंगाप्रसाद मोगिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गौरीशंकर, सुल्तान, गीताबाई मोगिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी दीपक जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अनिल कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरई निवासी आनंद पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विकास, आकाश, लोधी और प्रदीप राय ने उससे मारपीट की और उसकी गाड़ी का कांच फोड़ दिया। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ओड़ेर निवासी सुरेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महेश और अर्पित नामदेव ने उससे मारपीट की ।

न्यायालय से जारी 4 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

अशोकनगर। थाना प्रभारी कदवाया निरीक्षक मनीष सिंह जादौन द्वारा न्यायालय से जारी 04 स्थायी वारंटों में फरार चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। उल्लेखनीय है कि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अशोकनगर के प्रकरण क्रमांक 236/2020 में जारी स्थायी वारंट के वारंटी पदम पुत्र किशनलाल लोधी, संजू पुत्र विष्णुप्रसाद कुशवाह उम्र 30 वर्ष एवं पवन पुत्र चम्पालाल साहू उम्र 30 वर्ष, तीनों निवासी ग्राम महुअन, तथा अरविंद उर्फ भोला पुत्र प्रकाश यादव उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम मन्हेटी, थाना कदवाया को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



एमपी एसआरडीसी के प्रबंध संचालक को भेजा गया मांग पत्र

अशोकनगर को फोरलेन हाईवे से जोड़ने की मांग ने जोर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले की जनता ने सपने देखना नहीं सीखा है सपनो को सच करने की लड़ाई भी जनता लड़ना जानती है, जनता सिर्फ जनहित के उन मागों की लड़ाई लड़ती है जो विकास के मुददों से जुड़ी हैं। ऐसे ही एक संघर्ष की शुरूआत हो रही है, जिसे जिले के जनप्रतिनिधि भी अपनी मांग का हिस्सा बना चुके हैं ,जिनमें सभी विधायक भाजपा जिला अध्यक्ष, नपा अध्यक्ष शामिल हैं। सभी ने अपनी मांग में जोर सिर्फ ज्योतिरादित्य सिंधिया को दिया है और जिले की जनता उनकी तरफ बड़ी आशाएं लगाकर बैठी है। जनता की अब सिर्फ एक ही मांग है हमें कुछ और नहीं चाहिए, हमारी मांग है कि अशोकनगर को फोर लेन हाइवे से जोड़ा जाए जो स्वीकृत है लेकिन उसकी डीपाआर तैयार कराई जाए।

मध्यप्रदेश राज्य शासन निर्माण विभाग एवं मध्यप्रदेश राज्य सड़क विकास निगम के संयुक्त प्रयास से भोपाल से ग्वालियर को जोड़े जाने वाली फोर लाइन ग्रीन फील्ड हाईवे सड़क बनाई जाने की डीपीआर तैयार किए जाने की कार्रवाई आगे बढ़ गई है, इस भोपाल ग्वालियर फोरलेन हाईवे से अशोकनगर जिला मुख्यालय को कनेक्ट किए जाने की मांग ने अब जोर पकड़ लिया है। मध्यप्रदेश राज्य सड़क विकास निगम के उप यंत्री तथा अशोकनगर जिले का कार्य देखने वाले दीपक नामदेव ने बताया कि भोपाल ग्वालियर फोरलेन ग्रीनफील्ड हाईवे बनाने की डीपीआर बनाई जाने के लिए टेंडर प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया गया है कुछ ही दिनों में इसकी डीपीआर तैयार हो जाएगी। इस मार्ग से अशोकनगर जिला मुख्यालय को कनेक्ट किए जाने के संबंध में उन्होंने बताया कि डीपीआर में एलाइनमेंट भोपाल ग्वालियर के एरियल डिस्टेंस के तहत लिया जा रहा है। यह पूरी संभावना है कि अशोकनगर जिला मुख्यालय के आसपास से यह फोरलेन ग्रीनफील्ड हाईवे निकल जावे, इसका निर्णय मध्यप्रदेश राज्य सड़क विकास निगम के वरिष्ठ अधिकारी और तकनीकी विभाग के लोग लेंगे।

10 नवंबर 2026 को मध्यप्रदेश राज्य सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक को एक विस्तृत पत्र सभी जनप्रतिनिधियों के पात्रों को संलग्न कर प्रेषित किया गया है, जिसकी प्रति संभागीय प्रबंधक एमपीआरडीसी को भी प्रेषित की गई है इसके पश्चात एमपीआरडीसी की संभागीय प्रबंधक हर्षिता वाष्णेय ने अवगत कराया है कि, अशोकनगर को हाईवे से जोड़ने के संबंध में जो मांग पत्र प्रस्तुत किया गया है उसे वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जा रहा है और जिलेवासियों की मांग को नजर अंदाज नहीं किया जाएगा उम्मीद है कि वरिष्ठ अधिकारी इस पर संज्ञान लेकर समुचित कार्रवाई अवश्य करेंगे।

अशोकनगर जिला मुख्यालय कोई भी नेशनल हाईवे से कनेक्ट नहीं जिसके कारण जिले के विकास की सारी संभावनाएं खत्म होती जा रही हैं। भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी मुरैना से नागपुर, ग्रीन फोरलेन मार्ग को स्वीकृति प्रदान कर चुके हैं, इसका टेंडर भी लग चुका है लेंकिन इसकी डीपीआर तैयार नहीं हुई है। इस मार्ग को मुरैना से ग्वालियर शिवपुरी होते हुए भोपाल जाना है ऐसी स्थिति में नेशनल हाईवे के पूर्व कार्यपालन यंत्री ज्ञानवर्धन मिश्रा का कहना है कि जब भी यह मार्ग बनेगा उसके लिए नए सिरे से पूरा मार्ग बनाया जाएगा। उधर दीपक नामदेव का कहना है कि यह मार्ग शिवपुरी से ईसागढ़ अशोकनगर होते हुए सिरोंज बैरासिया के रास्ते भोपाल भी जाने की संभावना है। इन सब मांगों पर विचार हो रहा है, रास्ता कोई भी बने लेकिन जिला मुख्यालय कनेक्ट होना चाहिए तभी अशोकनगर जिले का विकास हो सकेगा।

सिंध नदी पर बना भड़ौता पुल जनता को समर्पित, कोलारस-रन्नौद के गांवों की बदलेगी तस्वीर

सिंधिया ने 570 मीटर के पुल का लोकार्पण किया, 38.92 करोड़ के कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

कोलारस क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए गुरुवार का दिन बड़ी सौगात लेकर आया। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सिंध नदी पर नवनिर्मित भड़ौता पुल का लोकार्पण कर इसे जनता को समर्पित किया। पुल के शुरू होने से कोलारस, रन्नौद, सिंघाई माता मंदिर सहित आसपास के अनेक गांवों की आवागमन व्यवस्था बेहतर होगी। वर्षों से नदी पार करने में होने वाली परेशानियों से ग्रामीणों को राहत मिलेगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 30.48 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित लगभग 570 मीटर लंबे इस पुल के साथ 7.35 किलोमीटर लंबे कोलारस-रन्नौद मार्ग का भी लोकार्पण किया गया। पुल अपने एप्रोच मार्गों सहित करीब 1200 मीटर लंबा है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ पुल का पैदल भ्रमण कर निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान पुल के समीप खेत में काम कर रहे एक किसान से उन्होंने आत्मीयता से बातचीत की और खेती-किसानी से जुड़े अनुभव भी जाने। इसके बाद आयोजित जनसभा को संबोधित किया।



38.92 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कोलारस क्षेत्र में कुल 38.92 करोड़ रुपये की विभिन्न सड़क एवं पुल निर्माण परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इनमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 30.48 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित कोलारस-रन्नौद मार्ग और भड़ौता पुल शामिल हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री जनमन योजना (ढट-खअठटअठ) के अंतर्गत दो सड़क परियोजनाओं तथा एक पुल निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों को बारहमासी सड़कों से जोड़ने का काम निरंतर किया जा रहा है। सरकार की प्राथमिकता है कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति और अंतिम गांव तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि सड़क और पुल केवल आवागमन के साधन नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के नए अवसरों का माध्यम भी हैं। भड़ौता पुल के लोकार्पण के साथ ही कोलारस-रन्नौद क्षेत्र के ग्रामीण विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से प्रतीक्षित इस पुल के शुरू होने से क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और ग्रामीणों के लिए विकास के नए रास्ते खुलेंगे।

किसानों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को होगी राहत

सिंध नदी पर भड़ौता पुल का निर्माण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। अब रन्नौद और आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन के लिए नदी के कारण होने वाली परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने, विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज जाने और व्यापारियों को व्यवसायिक गतिविधियों के लिए बेहतर संपर्क मार्ग उपलब्ध होगा। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षण संस्थानों और रोजगार के अवसरों तक पहुंच भी आसान होगी। पुल के शुरू होने से क्षेत्र के हजारों लोगों के दैनिक जीवन में सुविधा बढ़ने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है। सिंघाई माता मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी आवागमन अधिक सुगम होगा।

जेसीबी से हटाए अवैध कब्जे, अब होगा पौधरोपण

सतनवाड़ा में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

140 बीघा वन भूमि से हटाया अतिक्रमण



शिवपुरी। वन भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ वन विभाग ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सतनवाड़ा वन परिक्षेत्र में करीब 130 से 140 बीघा (35 से 40 हेक्टेयर) वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा लिया। वन विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से अवैध कब्जे हटाकर जमीन को अपने आधिपत्य में ले लिया। अब इस भूमि पर वृक्षारोपण कर वन क्षेत्र को फिर से हरा-भरा बनाने की तैयारी है। जानकारी के अनुसार, सामान्य वनमंडल शिवपुरी के वनमंडलाधिकारी सुधांशु यादव एवं उपवनमंडलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह तोमर के निर्देशन में वन परिक्षेत्राधिकारी सतनवाड़ा माधव सिकरवार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। वन परिक्षेत्र सतनवाड़ा के बीट शेरगढ़ एवं खरखेड़ा के कक्ष क्रमांक पीएफ-919, 502 और 505 में वन भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत और पूर्व प्रकरण के आधार पर कार्रवाई की गई। वन विभाग के अनुसार, ग्राम भीमपुर निवासी संजीराम मोगिया, श्रीलाल मोगिया, रणवीर मोगिया, शैतान सिंह मोगिया सहित अन्य लोगों द्वारा वन भूमि पर बागड़ और टपरों के माध्यम से कब्जा किया गया था। मौके पर जेसीबी से कंटूर ट्रेंच (बीज बुवाई खंती) एवं सीपीटी की खुदाई कर हदबंदी भी की जा रही थी। वन अमले ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जों को हटाया और करीब 130 से 140 बीघा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।

पहले से दर्ज था वन अपराध का मामला

वन विभाग के मुताबिक, संबंधित अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध पूर्व में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 659/18 दर्ज किया गया था। यह प्रकरण 15 नवंबर 2022 का बताया गया है। इसमें अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रस्तावित थी, जिसके तहत अब वन भूमि को कब्जे से मुक्त कराया गया है।

खाली भूमि पर होगा पौधरोपण

अतिक्रमण मुक्त कराई गई वन भूमि पर अब वन विभाग द्वारा पौधरोपण कार्य प्रस्तावित किया गया है। वनमंडलाधिकारी ने जिले के अन्य अतिक्रमणकारियों से भी अपील की है कि वे स्वेच्छा से वन भूमि खाली करें और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई में संजीव वर्मा, सतीश मौर्य, कमल किशोर शर्मा, संदीप लिटोरिया, रघुवीर खडिया, अनिल वर्मा, शौएब खान, मनोज जाटव, कपिलदेव शर्मा, अनिल शर्मा, मिथुन सेलिया, उत्तम आदिवासी, अमृतलाल चौरसिया सहित वन विभाग के स्थायी कर्मचारियों एवं सुरक्षा श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

म्यूजिकल इवेंट में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष

ह्यइग्निशन 2026 कार्यक्रम के दौरान हुआ विवाद, सड़क तक पहुंचा हंगामा

तीन नामजद सहित चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित होटल गोल्ड स्टार में बुधवार रात आयोजित म्यूजिकल इवेंट ह्यइग्निशन 2026 उस समय विवाद और मारपीट का अखाड़ा बन गया, जब कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हो गई। देखते ही देखते विवाद होटल परिसर से बाहर सड़क तक पहुंच गया। घटना के दौरान कार से लोहे की रॉड निकालकर हमला किए जाने का आरोप है। जानकारी के अनुसार, होटल गोल्ड स्टार में आयोजित कार्यक्रम में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मोंडल ब्रदर्स (कृष और किशोर) की प्रस्तुति चल रही थी। इसी दौरान रात करीब 10 बजे मोहित मंगल का लवेश बंसल और अरिहंत जैन से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बताया गया है कि विवाद बढ़ने पर बीच-बचाव करने पहुंचे भरत अग्रवाल को आरोपियों ने फोन कर पार्किंग में बुलाया।



फरियादी भरत अग्रवाल ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि पार्किंग में पहुंचने पर लवेश बंसल, अरिहंत जैन और उनके साथ मौजूद दो अन्य लोगों ने कार से लोहे की रॉड निकालकर उनके साथ मारपीट की। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कार्यक्रम में शामिल लोगों के बीच हड़कंप मच गया। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची स्थिति सामान्य कराई। पुलिस ने फरियादी भरत अग्रवाल की शिकायत पर लवेश बंसल, अरिहंत जैन सहित दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

स्मैक की लत ने ली युवक की जान, इलाज के दौरान मौत

शिवपुरी। जिले में नशे का बढ़ता जाल अब युवाओं की जिंदगी पर भारी पड़ने लगा है। करेरा कस्बे में स्मैक की लत से जूझ रहे 24 वर्षीय युवक की संदिग्ध ओवरडोज के चलते मौत हो गई। बुधवार रात शिवपुरी मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, करेरा के वार्ड नंबर-2 स्थित गाजिशाह मोहल्ला निवासी पंकज सोनी पुत्र रामकिशोर सोनी गांव-गांव घूमकर कपड़े बेचने का काम करता था। परिजनों के मुताबिक, बुधवार को उसने स्मैक का नशा किया था।

इसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन शाम करीब 6 बजे उसे गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया। हालत में सुधार नहीं होने पर उसे शिवपुरी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां



बुधवार रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक के बड़े भाई चंद्रकांत सोनी ने बताया कि पंकज करीब ढाई साल पहले गलत संगत में पड़ गया था। इसी दौरान उसे स्मैक की लत लग गई। शुरुआत में परिवार ने उसे समझाने और नशे से दूर रखने के प्रयास किए, लेकिन धीरे-धीरे उसकी नशे की तलब बढ़ती चली गई। परिजन उसे घर पर रोकने और नशे से छुटकारा दिलाने की कोशिश करते रहे, लेकिन वह किसी न किसी बहाने घर से बाहर निकल जाता था। बुधवार को भी नशा करने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और आखिरकार उसकी जान चली गई।

पुलिस की समझाइश पर गांव से सुअरों को हटाने का आश्वासन

दो घंटे तक थमा रहा यातायात पालतू सुअरों से फसलें बर्बाद, ग्रामीणों ने हाईवे पर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

पोहरी थाना क्षेत्र के मरोरा अहीर गांव में पालतू सुअरों द्वारा खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचाने से नाराज ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह शिवपुरी-श्योपुर हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि पालतू सुअर लगातार खेतों में घुसकर खड़ी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। समस्या का कई बार शिकायत करने के बावजूद निराकरण नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया।

शिकायतों के बाद भी नहीं निकला समाधान

ग्रामीणों का कहना था कि गांव में पाले जा रहे सुअरों को खुला छोड़ दिया जाता है, जो आसपास के खेतों में पहुंचकर फसलों



को नुकसान पहुंचाते हैं। इस संबंध में सुअर पालक से कई बार शिकायत की गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। लगातार हो रहे नुकसान से परेशान ग्रामीणों ने आखिरकार चक्काजाम करने का निर्णय लिया।

पुलिस की समझाइश पर बनी सहमति, दो घंटे बाद खुला जाम

गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे ग्रामीणों ने शिवपुरी-श्योपुर हाईवे पर आवागमन रोक दिया। सूचना मिलते ही पोहरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें समझाइश दी। पुलिस ने संबंधित सुअर पालक से भी बातचीत की। बातचीत के दौरान सुअर पालक ने सुअरों को गांव से हटाने पर सहमति जताई। इसके बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त करने का निर्णय लिया। करीब दो घंटे बाद सुबह 10:30 बजे हाईवे पर यातायात बहाल हो सका। चक्काजाम के चलते इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

लॉज चलाने वाले से डेढ़ लाख रंगदारी मांगने, घर में तोड़फोड़ व पत्थरबाजी करने वाले 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

लॉज चलाने के नाम पर डेढ़ लाख की रंगदारी मांगने घर में घुसकर तोड़फोड़ एवं पत्थरबाजी करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया फरियादी कांति कुमार बिलगैया पिता केशव प्रसाद बिलगैया निवासी शास्त्री वार्ड ने रिपोर्ट में बताया 10 नवंबर के शाम करीब 7.30 बजे फरियादी अपने घर के सामने खडा था। तभी दीपू उर्फ दीपक यादव अपने साथी अमित यादव, अभिषेक अहिरवार, अल्लू खान, यश माली, राजा बाल्मीकि, रोहित अहिरवार एवं अन्य लोगों के साथ आए। दीपू यादव ने फरियादी को कहा कि यदि तुझे लॉज चलाना है तो 1.50 लाख रुपए दे। नही तो बीना में नही रह पाएगा और न ही लॉज चला पाएगा औऱ कालर पकड ली।



बीच बचाव करने के लिए वंदना चौबे आई तो अभिषेक अहिरवार ने पत्थर मारा जो वंदना चौबे के पैर में लगा, जिससे चोट आई है औऱ सभी लोग घऱ के अंदर घुसकर सामान को तोडफोड कर दिया। लेकिन जैसे ही पड़ोस में रहने वाले रामकुमार, अंशुल चौबे, अभिषेक बिलगैया एवं अन्य लोगों को आता देख सभी लोग धमकी दी। थाना प्रभारी यादव ने बताया कि प्रकरण में आरोपियों अमित यादव पिता कल्याण यादव उम्र 27 वर्ष निवासी शास्त्री वार्ड खुरई, अभिषेक पिता दीनदयाल अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी खुरई, अल्लू खान पिता करीम खान उम्र 25 वर्ष निवासी इटावा बीना, यश उर्फ पोलो पिता महेन्द्र माली उम्र 24 वर्ष निवासी खिरिया वार्ड बीना, राजा पिता राजेश बाल्मीकि उम्र 19 वर्ष निवासी प्रताप वार्ड बीना को गिरफ्तार किया गया। शेष आरोपियों की तलाश में टीमें रवाना की।

पुष्प गुच्छ व मिठाई भेंट की

पार्षद ने भाई दूज पर वार्ड के सफाई कर्मियों का तिलक किया सम्मान



बीना। हरदम शहर को स्वच्छ रखने वाले सफाई कर्मियों का गांधी वार्ड पार्षद एवं सभापति भारती राय ने गांधी वार्ड के सफाई कर्मचारियों का दीपावली की भाई दूज के मौके पर पहुंचकर उन्हें तिलक, पुष्प गुच्छ एवं मिठाई भेंट कर सम्मान किया।

सुबह 4 बजे साइकिल से घर-घर अखबार पहुंचाते हैं राधे, संघर्ष की

दिव्यांग के संघर्ष को सहारा, महानआर्यमन सिंधिया ने भेंट की नई इलेक्ट्रिक स्कूटी

शिवपुरी। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद हौसले और मेहनत के दम पर जिंदगी की गाड़ी आगे बढ़ा रहे दिव्यांग अखबार विक्रेता राधे बाथम की मदद के लिए मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष महानआर्यमन सिंधिया आगे आए हैं। उन्होंने गुरुवार को राधे बाथम को नई इलेक्ट्रिक स्कूटी भेंट की, ताकि उन्हें रोजाना अखबार वितरण के दौरान होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके। जानकारी के अनुसार, आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आने वाले राधे बाथम करीब दो दशक पहले एक दुर्घटना के कारण दिव्यांग हो गए थे। इसके बावजूद



उन्होंने परिस्थितियों के सामने हार नहीं मानी। वे प्रतिदिन तड़के करीब 4 बजे उठकर साइकिल से शहर में घर-घर अखबार पहुंचाने निकल पड़ते हैं। इसी मेहनत के सहारे वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। राधे बाथम के संघर्ष और जीवटता का वीडियो जब महानआर्यमन सिंधिया ने देखा तो वे भावुक हो गए। उनकी परिस्थितियों को समझते हुए उन्होंने राधे की मदद करने का निर्णय लिया। इसी क्रम में उन्हें नई इलेक्ट्रिक स्कूटी भेंट की गई। इलेक्ट्रिक स्कूटी मिलने से अब राधे बाथम को अखबार वितरण के काम में काफी सहूलियत मिलने की उम्मीद है। यह मदद केवल एक वाहन भेंट करने तक सीमित नहीं है।



उत्पात मचाने वाले 8 शरारती व असामाजिक तत्व गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

पुलिस ने शरारती एवं असामाजिक व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया आरोपी कृष्णा राय पिता योगेश राय उम्र 19 वर्ष निवासी शिवाजी वार्ड बीना, नीरज धानक पिता स्व.मुन्नालाल धानक उम्र 25 वर्ष निवासी वीरसावरकर वार्ड बीना, दुष्यंत यादव पिता स्व. हरप्रसाद यादव उम्र 45 वर्ष निवासी खिरिया वार्ड बीना, अमन सोनी उर्फ कल्लू पिता हरिओम सोनी उम्र 21 वर्ष निवासी पाठक वार्ड बीना, विशाल पिता लक्ष्मन विश्वकर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी पाठक वार्ड बीना, राज रैकवार पिता नरेश रेकवार उम्र 19 वर्ष निवासी मनोरमा वार्ड बीना, आदित्य उम्र 20 वर्ष निवासी शिवाजी वार्ड बीना, भारत पिता लाखन उर्फ कप्तान दांगी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम बेलई थाना बीना कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया।

70वीं राष्ट्रीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ, 38 टीमों के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

ओलंपिक के पोडियम पर तिरंगे का मान बढ़ाएगा शिवपुरी का खिलाड़ी: सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

मध्यप्रदेश की धरती उपजाऊ होने के साथ खेल प्रतिभाओं के मामले में भी बेहद समृद्ध है। इसी धरती ने मेजर ध्यानचंद जैसे महान खिलाड़ी देश को दिए हैं। आज मेरे सामने देश की युवा शक्ति बैठी है और मुझे पूरा विश्वास है कि एक दिन आप में से ही कोई खिलाड़ी ओलंपिक के पोडियम पर खड़े होकर भारत के तिरंगे का मान बढ़ाएगा। यह बात केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसर में आयोजित 70वीं राष्ट्रीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कही। प्रतियोगिता में देश के 28 राज्यों, 8 केंद्र शासित प्रदेशों और विभिन्न शैक्षणिक बोर्डों की कुल 38 टीमों के 765 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। सिंधिया ने प्रतियोगिता का ध्वज फहराकर मार्च पास्ट की सलामी ली और विधिवत शुभारंभ की घोषणा की। इसके बाद खिलाड़ियों ने खेल



भावना और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की शपथ ली। सिंधिया ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास का माध्यम भी है। पहले कहा जाता था कि पढ़ोगे-लिखोगे तो बनोगे नवाब और खेलोगे तो खराब हो जाओगे, लेकिन आज का भारत इस सोच को बदल चुका है। अब संदेश है कि खेलोगे तो लाजवाब बनोगे। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे अपना जी-जान लगाकर मेहनत करें और नक्षत्र की तरह चमकते हुए परिवार, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें।

खुद ट्रैक पर पहुंचे, बोला- ऑन योर मार्क, सेट, गो

प्रतियोगिता के दौरान सिंधिया का अलग अंदाज भी देखने को मिला। वे 100 मीटर दौड़ की हीट रेस के लिए खुद ट्रैक पर पहुंचे और धावकों को तैयार करते हुए उद्घोषणा की- ऑन योर मार्क, सेट, गो। इसके साथ ही उन्होंने गन चलाई और धावक अपनी पूरी ताकत के साथ दौड़ पड़े। सिंधिया ने कहा कि मैदान के भीतर प्रतिस्पर्धा जरूर करें, बाहर एक-दूसरे को जानें और आपसी भाईचारा बढ़ाएं। उन्होंने आयोजन की व्यवस्थाओं के लिए आयोजन समिति की प्रशंसा भी की।

शिवपुरी में भी होंगे एमपी लीग के मुकाबले

मीडिया से चर्चा करते हुए सिंधिया ने कहा कि देशभर से आए खिलाड़ियों में ऊर्जा और आत्मविश्वास देखकर उन्हें विश्वास है कि यही युवा भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करेंगे। शिवपुरी में क्रिकेट प्रतियोगिताओं के आयोजन के सवाल पर उन्होंने कहा कि यहां एमपीसीए के मुकाबले हो रहे हैं और आने वाले समय में एमपी लीग क्रिकेट के मुकाबले भी शिवपुरी में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम और हॉकी टर्फ जैसी सुविधाएं विकसित हुई हैं तथा खेल अधोसंरचना का विस्तार लगातार जारी है। कार्यक्रम में शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन, कोलारस विधायक महेंद्र यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, पूर्व मंत्री सुरेश राठखेड़ा, पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, कलेक्टर अर्पित वर्मा, पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, खेल विभाग के अधिकारी और आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।